Website : www.highwaychannel.in
छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार
# हाईवे चैनल
▫ वर्ष- 27 ▫ अंक- 253 ▫ रायपुर, शनिवार 5 अक्टूबर 2024 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## 31 नक्सलियों के शव बरामद, सर्चिंग जारी



कल हुई थी मुठभेड़

**दंतेवाड़ा/नारायणपुर,** 5 अक्टूबर (हाईवे चैनल) छत्तीसगढ़ में सबसे बड़ी मुठभेड़, अब तक 31 नक्सलियों के शव बरामद; मिला हथियारों का जखीरा

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर और दंतेवाड़ा जिले की सीमा पर सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों में से अब तक 21 के शव बरामद हुए हैं। मौके से बड़ी संख्या में ऑटोमेटिक हथियार बरामद किए गए हैं। अभी सर्च ऑपरेशन जारी है। मुठभेड़ दंतेवाड़ा में बारसूर के ग्राम थुलथुली और नारायणपुर में ओरछा के ग्राम नेंदूर के जंगलों में हुई है। जानकारी के मुताबिक जवान नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना वाली जगह पर पहुंचे तो नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी।

नारायणपुर एसपी प्रभात कुमार ने बताया कि अबूझमाड़ के दक्षिणी क्षेत्र में नारायणपुर-दंतेवाड़ा सीमा क्षेत्र में बस्तर क्षेत्र के टॉप नक्सलियों की एक बैठक की सूचना मिली थी। सर्च और रेस्क्यू टीमें रवाना की गई। कल दोपहर मुठभेड़ शुरू हुई। देर रात तक मुठभेड़ जारी रही। आज सुबह भी सर्च ऑपरेशन चलाया गया। अब तक कुल 31 नक्सलियों के शव बरामद हुए हैं। भारी मात्रा में हथियार बरामद हुए हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना के बाद सुरक्षाबल के जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की। जवाबी कार्रवाई में 35 से ज्यादा नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ में सभी जवानों के सुरक्षित होने की जानकारी मिली है। वहीं, बताया जा रहा है कि नक्सलियों के पास से एलएमजी राइफल, एके 47 राइफल, एसएलआर राइफल, इंसास राइफल, .303 राइफल बरामद की गई है। आईजी बस्तर पी सुंदरराज ने बताया कि मुठभेड़ में अब तक कुल 31 नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। तलाशी अभियान जारी है। सीआरपीएफ-डीआरजी के अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी भेजे गए हैं। एलएमजी राइफल, एके 47 राइफल, एसएलआर राइफल, इंसास राइफल, कैलिबर 303 राइफल और अन्य हथियार बरामद किए गए हैं। डीआरजी का एक जवान घायल हुआ है और खतरे से बाहर है।

## बुजुर्गों से लेकर युवाओं में भारी उत्साह मतदान केन्द्रों के सामने लगीं लंबी कतारें



हरियाणा चुनाव

**नई दिल्ली,** 5 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। हरियाणा विधानसभा की 90 सीटों के लिए आज मतदान जारी है। मतदान के प्रति बुजुर्गों और युवाओं में उत्साह देखा जा रहा है। सुबह सात बजे से मतदाता मतदान केंद्रों के सामने लंबी कतारों में खड़े हैं। मतदान प्रक्रिया सुबह सात बजे शुरू हुई और शाम छह बजे तक चलेगी। चुनाव में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस की विनेश फोगाट और जेजेपी के दुष्यंत चौटाला सहित एक हजार से अधिक उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला होगा।

चुनाव आयोग के मुताबिक दोपहर 1 बजे 37 फीसदी लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर लिया है। अब तक मतदान की सबसे तेज रफ्तार जींद जिले में देखी गई। यहां अब तक 37 फीसदी लोग वोट डाल चुके हैं। इसके अलावा मतदान की सबसे धीमी रफ्तार पंचकूला में रिकॉर्ड की गई। यहां फिलहाल महज 13.46 फीसदी लोगों ने भी वोट डाला है। हरियाणा में मुख्य मुकाबला भाजपा, कांग्रेस के बीच माना जा रहा है। सत्ताधारी भाजपा ने सिरसा सीट छोड़कर सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। सिरसा में भाजपा ने हरियाणा लोक हित पार्टी के गोपाल कांडा को समर्थन दिया है। वहीं, दूसरी ओर कांग्रेस भी भिवानी को छोड़कर सभी क्षेत्रों में चुनाव लड़ रही है। भिवानी में कांग्रेस ने माकपा को समर्थन दिया है जिसने ओम प्रकाश को उतारा है। इसके अलावा अन्य दलों की बात करें इन्होंने भी मुकाबले को दिलचस्प बनाने की कोशिश की है। पिछली बार किंगमेकर बनी दुष्यंत चौटाला की जननायक जनता पार्टी का सांसद चंद्रशेखर आजाद की आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के साथ गठजोड़ है।


### ब्रेकिंग न्यूज

## गोवा प्रदेश महिला कांग्रेस प्रमुख बीना नाइक ने इस्तीफा दिया

नई दिल्ली, 5 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। गोवा प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रमुख बीना शांताराम नाइक ने युवा पीढ़ी को मौका देने के लिए इस्तीफा दे दिया। नाइक ने अपने त्याग पत्र में कहा कि वह कांग्रेस कार्यकर्ता के रूप में काम करती रहेंगी। नाइक नवंबर 2021 में गोवा प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रमुख चुनी गई थीं। कांग्रेस नेता ने कहा, ''मेरा मानना है कि मेरे लिए पद छोड़ने और युवा पीढ़ी के वास्ते राह तैयार करने का यह सही समय है।'' उन्होंने कहा कि महिला इकाई की प्रमुख के रूप में सेवा करना मेरे लिए सम्मान और सौभाग्य की बात रही है।

### तबादला विवाद पर हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

## 18 तहसीलदारों के ट्रांसफर पर लगाई रोक



**बिलासपुर,** 5 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। राजस्व विभाग में हुए हुए तबादलों के बाद सिमगा तहसीलदार नीलमणि दुबे समेत डेढ़ दर्जन तहसीलदारों को हाईकोर्ट से स्टे मिल गया है. स्टे के बाद अब इन अफसरों ने ट्रांसफर के खिलाफ आवाज उठानी शुरू कर दी है. सिमगा तहसीदार नीलमणि दुबे ने तबादला सूची जारी पर होने के बाद नियमों की अवहेलना का आरोप लगाते हुए शासन के खिलाफ मोर्चा खोला था. उनके निलंबन के बाद अन्य तहसीलदारों ने भी हाईकोर्ट में याचिका लगाई, जिसमें तकरीबन सभी को स्टे मिल गया. प्रदेश में हुए तबादलों में खामियां हैं. कई नायब तहसीलदारों को प्रोबेशन पीरियड में ही स्थानांतरित कर दिया गया. नियमों का उल्लंघन करते हुए कम समय में बार-बार स्थानांतरित किया गया. बता दें कि प्रदेश सरकार ने बीते 13 सितंबर को 49 तहसीलदार और 51 नायब तहसीलदारों की तबादला सूची जारी की थी, जिसके बाद प्रदेश स्तर पर बवाल होने लगा. आरोप लगाया गया था कि इस प्रक्रिया में पैसों का लेनदेन हुआ है. मामले की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने आदेश दिया है कि प्रभावित अधिकारियों को 45 दिनों के भीतर शासन के समक्ष अभ्यावेदन प्रस्तुत करना होगा, इसके अलावा शासन को एक कमेटी का गठन कर इन तबादलों की समीक्षा करने कहा गया है.

## 9.4 करोड़ किसानों के खाते में आए 20000 करोड़

पीएम-किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त भी जारी

**नई दिल्ली,** 5 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को महाराष्ट्र के दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने लगभग 9.4 करोड़ किसानों के खाते में 20,000 करोड़ रुपये की पीएम-किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त भी जारी की। इससे पहले पीएम मोदी वाशिम पहुंचे। यहां उन्होंने जगदंबा माता मंदिर, पोहरादेवी में दर्शन पूजा-अर्चना की। उन्होंने संत सेवालाल महाराज और संत रामराव महाराज की समाधियों पर श्रद्धांजलि भी दी। इसके बाद प्रधानमंत्री ने बंजारा समुदाय की समृद्ध विरासत का जश्न मनाते हुए बंजारा विरासत संग्रहालय का उद्घाटन किया। फिर उन्होंने कृषि और पशुपालन क्षेत्र से जुड़ी लगभग 23,300 करोड़ रुपये की कई पहलों की शुरुआत की। इसके बाद पीएम मोदी शाम करीब चार बजे ठाणे में 32,800 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे।




**चूहा- सुनती हो, छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने नाजायज संतान को भी अनुकंपा नियुक्ति का अधिकार बताया है।**

**चुहिया- हां जी, ठीक ही बताया है प्यार में कहां जायज और नाजायज होता है।**

## जैश-ए-मोहम्मद पर हुआ खुलासा, एनआईए की टीम ने शुरू कर दी देशभर में ताबड़तोड़ छापेमारी

**नई दिल्ली,** 5 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शनिवार, 5 अक्टूबर को एक आतंकी साजिश मामले के सिलसिले में महाराष्ट्र सहित पांच राज्यों में 22 स्थानों पर रेड मारी है। मालेगांव, सांभाजीनगर और जालना में एनआईए की टीम ने छापेमारी की है, जिसमें चार लोगों को हिरासत में लिया गया। पकड़े गए लोगों का संबंध जैश ए मोहम्मद आतंकी संगठन से बताया जा रहा है। जैश के आका वैसे तो पाकिस्तान में बैठे हुए हैं। लेकिन ये संगठन भारत में कई आतंकी वारदातों को अंजाम दे चुका है। हिंदुस्तान में स्लीपर सेल्स के जरिए आंतकी घटनाओं को रचने की कवायद करता रहता है। इन सब के बीच एनआई की टीम ने बड़े पैमाने पर कार्रवाई की है। जम्मू कश्मीर, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, असम और दिल्ली में एनआई की छापेमारी चल रही है। जालना और छत्रपति संभाजीनगर से तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। दलान्या के गांधीनगर से एक को हिरासत में लिया गया है। एक को आज़ाद चौक के पास से और एक को छत्रपति संभाजीनगर शहर के एन-6 इलाके से हिरासत में लिया गया है।

## जल जगार : जल संरक्षण के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा महोत्सव गंगरेल बांध में शुरू





**धमतरी,** 5 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। धमतरी के पंडित रविशंकर जलाशय गंगरेल बांध में प्रदेश के सबसे बड़े जल महोत्सव जल जगार का शुभारंभ हो गया है। बांध के तट पर स्थित बरदिहा लेक रिजॉर्ट में आज सुबह कलेक्टर नम्रता गांधी की मौजूदगी में आजीविका महाविद्यालय धमतरी के टूरिस्ट गार्ड सदस्य माधव सिंह ने वाटर बैलेंसिंग स्पोर्ट्स में भाग लेकर जल ओलंपिक की शुरुआत की। उन्होंने गंगरेल के पानी में बनाए गए बैलेंसिंग स्ट्रक्चर पर लहरों की बीच चलकर दोनों हाथों से समन्वय बनाने का प्रयास किया। इसके बाद थ्रो रो इवेंट में नरहरा जलप्रपात जल प्रबंधन समिति की टूरिस्ट गाइड महिलाओं ने पानी में रस्साफेंक प्रतियोगिता में लिया भाग। समिति की 3 सदस्य श्रीमती सजवन, श्रीमती गणेश्वरी एवं श्रीमती टिकेश्वरी ने उत्साह के साथ नई प्रकार की गतिविधि में शामिल हुई।

- **दिन का पहला इवेंट जल ओलंपिक में विभिन्न प्रकार की जल गतिविधियां हुई आयोजित**
- **कयाकिंग, फ्री स्टाइल एवं ब्रेस्ट स्ट्रोक स्विमिंग, बनाना राईड, फ्लैग रैन, थ्रो रो, रिवर क्रॉसिंग जैसे इवेंट में प्रतिभागी कर रहे शिरकत**
- **कलेक्टर नम्रता गांधी की मौजूदगी में वाटर बैलेंसिंग स्पोर्ट्स से जल ओलंपिक की हुई शुरुआत**

जल संरक्षण की दिशा में काम कर रही समिति के सदस्यों ने बताया कि सरकार द्वारा विशेष प्रयास के तहत लोगों को जल जागरुकता की दिशा में आगे बढ़ाने जल जगार महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जो कि पानी के महत्व को बताने एवं संरक्षण की दिशा में अहम प्रयास है। इस कार्यक्रम में जल से संबंधित कयाकिंग, स्वींमिंग, बनाना राईड, फ्री स्टाईल स्वीमिंग, फ्लैग रैन, थ्रो रो, रिवर क्रॉसिंग जैसी प्रतियोगिता आयोजित किए जा रहे है। जिसका आनंद दर्शकगण पूरे परिवार के साथ उठा रहे है। जल जगार महोत्सव के लिए गंगरेल बांध में लाइफजैकेट, मेडिकल किट सहित सुरक्षा के पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित किए गए है। कार्यक्रम स्थल को जल जागरुकता से युक्त स्लोगन, कविता आदि से युक्त बैनर पोस्टरों से सजाया गया है। प्रतियोगिता के आयोजन से गंगरेल बांध का तट आकर्षक एवं मनोरम हो गया है। विशाल जलसंग्रह में विभिन्न प्रकार के जेटस्की, बनाना राइड बोट, कयाकिंग नाव आदि की व्यवस्था की गई है, जिसमें प्रतिभागी उत्साह के साथ भाग ले रहे है।